निनाद ललित कला समिति
छिन्दवाडा

अध्यक्ष–आनंद बक्षी

नवदुनिया

आयोजन निनाद ललित कला समिति करेगी आयोजन

गीत, गजलों की तान छेड़ने आएंगे अश्विनी कुमार

छिंदवाड़ा (ब्यूरो)। शहर में गजलों की तान छेड़ने के लिए मशहूर गीत गायक अश्विनी कुमार 28 फरवरी को छिंदवाड़ा आएंगे। वे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में रात 9 बजे गीत और गजलों की प्रस्तुति देंगे। अश्विनी कुमार के साथ एसआर शिवलीकर सितार, इकबाल अहमद गिटार तथा तबला संगत मिश्रा करेंगे। निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि यह आयोजन का तेरवा वर्ष है। आनंद बक्षी ने बताया कि इस अवसर पर छिंदवाड़ा की माटी को अपनी कृतित्व शक्ति से गौरवांवित करने वाली विभूतियों का सम्मान होगा तथा स्वर्गीय नजीरूद्दीन की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जाएगा।

नवीन दुग्गड़

डॉ बग्गा

विस्मिता शाह

मो. यूनुस


तरंग परिहार

राकेश श्रीवास्तव

प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

आनंद बक्षी ने बताया कि नवीन दूगड़ को कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। नवीन दूगड कैंसर का पिछले लंबे समय से सफलतापूर्वक उपचार कर रहे हैं। विज्ञान के क्षेत्र में डॉ मेजर राकेश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिनिधित्व, विज्ञान संगोष्ठियों में प्रभावशील उदबोधन तथा वैज्ञानिक साहित्य में उल्लेखनीय लेखों के लिए सम्मानित किया जाएगा। चिकित्सा एवं समाज सेवा के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर डॉ आरएच बग्गा को उनकी चिकित्सीय सेवाएं, रोटरी क्लब के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन हेतु सम्मानित किया जाएगा। महिला जागृति एवं समाज सेवा में लंबे अरसे से कार्यरत विस्मिता शाह को उनके महिला उत्थान कार्यक्रमों तथा दीन दुखियों की सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। उर्दू शायरी नात, हम्द तथा मुशायरों में शिरकत कर अपनी शायरी से उर्दू अदब की सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रतिवर्ष स्वर्गीय श्री नजीरूद्दीन की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष यह सम्मान तरंग सिंह परिहार को मार्शल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक तथा प्रादेशिक स्तर पर स्वर्ण पदक सहित अनेक पुरूस्कार प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया जाएगा। निनाद ललित कला समिति के आशीष त्रिपाठी, राशिद खान, हाजी नसीमुद्दीन खान, जेड अली, राजू निमाडे, सुरेश डेहरिया ने सभी प्रेमियों से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

जबलपुर जनपक्ष

गजल सम्राट अश्वनी कुमार बांधेंगे शमा

छिन्दवाड़ा18जनवरी(जनपक्ष) निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गीत गजल संध्या 28 फरवरी को रात्रि 9.00 बजे लालबहादुर शास्त्री स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित की गयी हैं। इस वर्ष इस कार्यक्रम में हिन्दुस्तान के मशहूर गजल गायक अश्वनी कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ एस.आर.शिवलीकर सितार इकबाल अहमद गिटार तथा तबला संगत सतीश मिश्रा करेंगे यह उल्लेखनीय हैं कि आयोजन का तेरवा वर्ष हैं। आनंद बक्षी ने बताया कि इस अवसर पर छिन्दवाड़ा की माटी को अपनी कृतित्व शक्ति से गौरवान्वित करने वाली विभूतियों का सम्मान होगा तथा स्व.श्री नजीरूद्दीन चचा की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जावेगा। आनंद बक्षी ने बताय कि नवीन दूगड को कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिये सम्मानित किया जावेगा। विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. मेजर राकेश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिनिधित्व, विज्ञान संगोष्ठियों में प्रभावशील उद्बोधन तथा वैज्ञानिक साहित्य में उल्लेखनीय लेखों के लिये सम्मानित किया जावेगा।

भव्य विभूतियों का होगा सम्मान

चिकित्सा एवं समाजसेवा के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर डॉ.आर.एच.बग्गा को उनकी चिकित्सीय सेवाएं,रोटरी क्लब के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन हेतु महिला जागृति एवं समाज सेवा के लंबे अरसे से कार्यरत विस्मिता शाह को उनके महिला उत्थान कार्यक्रमों तथा दीन दुखियों की सेवा के लिये सम्मानित किया जावेगा।